कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस नोट,जनपद फतेहपुर

दिनांक 20.05.2026

थाना बिंदकी पुलिस द्वारा 01 किलो 342 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक शातिर गांजा तस्कर अभियुक्ता गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराध एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिंदकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध गांजा की तस्करी करने जा रही एक शातिर गांजा तस्कर अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता के कब्जे से 01 किलो 342 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है।

गिरफ्तारी का विवरणः- श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिन्दकी के नेतृत्व में दिनांक 19.05.2026 को थाना बिंदकी पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध रोकथाम हेतु गश्त कर रही थी। मुखबिर ने सूचना दी कि तेन्दुली की तरफ से एक महिला नहर पटरी से अपने साथ अवैध गांजा लेकर नौधीखेड़ा की ओर आ रही है। सूचना पर थाना बिंदकी पुलिस द्वारा नौधीखेड़ा की ओर आ रही महिला को पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम रानी देवी पत्नी संजय सोनकर उम्र करीब 43 वर्ष निवासी सिकलाइन गड़रियनपुर थाना फजलगंज जनपद कानपुर नगर हाल पता मोहल्ला छिपाटी थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर बताया। पुलिस द्वारा महिला के पास मौजूद प्लास्टिक के सफेद झोले की जांच करने पर कुल 01 किलो 342 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी पुष्टि इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल करने पर की गई तथा जामा तलाशी के दौरान 130 रुपये बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 158/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता को आज दिनांक 20.05.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम पता-

रानी देवी पत्नी संजय सोनकर निवासी सिकलाइन गडरियनपुर थाना फजलगंज कानपुर नगर हाल पता मो0 छिपाठी थाना बिन्दकी फतेहपुर उम्र करीब 43 वर्ष ।

गिरफ्तार अभियुक्ता का अपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 358/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर

2.वर्तमान प्रकरण

बरामदगी-

1. 01 किलो 342 ग्राम अवैध गांजा।
2. 130/- रू0 नगद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 चन्दन सिंह थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर
2.उ0नि0 नीरज कुमार मौर्या
3.का0 अरविन्द सिंह
4.का0 उमेश यादव
5.रि0म0का0 ज्योतिका दुबे
6.रि0म0का0 जूली साहू
7.रि0म0का0 लता

मीडिया सेल
जनपद फतेहपुर